# छोड़ कर संसार जब तू जाएगा भजन लिरिक्स

छोड़ कर संसार जब तू जाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

इस पेट भरण की खातिर,
तू पाप कमाता निशदिन,
शमशान में लकड़ी रखकर,
तेरे आग लगेगी इक दिन,
ख़ाक हो जाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

सत्संग की ये गंगा है,
तू इस में लगाले गोता,
वरना संसार से इक दिन,
जाएगा तू भी रोता,
बाद पछतायेगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

क्यूँ करता तेरा मेरा,
यह चिड़िया रैन बसेरा,
यहाँ कोई ना रहने पाता,
है चंद दिनों का डेरा,
हंस उड़ जाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

गर प्रभु का भजन किया ना,
सत्संग किया ना दो घड़ियाँ,
यमदूत लगाकर तुझको,
ले जाएगा हथकडिया,
कौन छुडाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

सतगुरु शरण में निशदिन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू प्रीत लगाले बन्दे,
कट जायेंगे यह तेरे,
जनम जनम के फंदे,
पार हो जाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

---

छोड़ कर संसार जब तू जाएगा,
कोई ना साथी तेरा साथ निभाएगा।bd।

**Singer – Lalit Mastana**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com